ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 28 सितम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 206

केरल में 90 मिनट में 3 लूट, फिल्मी फॉर्मूला अपनाया:डकैती में इस्तेमाल SUV कंटेनर में छिपाई, पुलिस ने 12 किमी तक पीछा करके पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

त्रिशूर. केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने शुक्रवार (27 सितंबर) को महज 90 मिनट के अंदर तीन ATM से करीब 70 लाख रुपए लूटे। डकैती के बाद ये लोग दो ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया।

हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के ATM से 35 लाख रुपए लूटे। इसके बाद वे शोरनूर रोड पर SBI के ATM पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपए लूटे। तीसरी लूट SBI की कोलाझी ब्रांच के ATM में की। जहां से 25 लाख रुपए लूटे।

हालांकि, इस दौरान लूट के पैसे लेकर भाग रहा एक आरोपी मारा गया, एक के पैर में गोली लगी है। बाकी 5 पुलिस की हिरासत में हैं। आरोपियों की गोली से 2 पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे हैरान करने वाला पहलू कंटेनर में छिपाई गई कार थी। जिसमें 2 आरोपी भी छिपकर बैठे थे। इस बारे में पुलिस को भी तब पता चला, जब वे कंटेनर को पुलिस स्टेशन ले जा रहे थे। शुक्रवार की रात 2.30 बजे से 4 बजे के बीच एक गिरोह ने केरल के त्रिशूर में मप्रानम, कोलाझी और शोरनूर के तीन ATM में डाका डाला। यहां से 70 लाख रुपए लूट लिए। इन लोगों ने ATM को गैस कटर से काटा। CCTV में चेहरा न दिखे, इसके लिए कैमरों पर स्प्रे पेंट लगा दिया। पैसे एक बैग में भरकर भाग निकले। प्लानिंग के मुताबिक 2 लोग कार में, बाकी कंटेनर में बैठकर निकल गए। त्रिशूर-कोयंबटूर हाईवे पर पहुंचकर कार को कंटेनर के अंदर छिपा दिया। त्रिशूर पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर डकैतों की कार ढूंढने के लिए गाड़ियों की चेकिंग शुरू की। उन्हें राजस्थान के नंबर वाले कंटेनर पर शक हुआ।

संघुगिरी टोल गेट पर बढ़ रहे कंटेनर को लेकर तमिलनाडु पुलिस को खबर दी गई। भागते हुए कंटेनर ने सन्नासियापट्टी में बाइक को टक्कर मार दी। एक कार को 250 मीटर तक घसीटा। सुबह 9 बजे पुलिस ने बताया नमक्कल के कोमारापालयम में एक कंटेनर ट्रक ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की है।

पुलिस ने उसका 12 किमी तक उसका पीछा किया। सड़क पर मौजूद लोगों ने पुलिस के काफिले को कंटेनर का पीछा करता देखकर कंटेनर पर पत्थर भी फेंके। मुश्किल से कंटेनर रोक सकी। जब पुलिस ने कंटेनर की जांच की तो केबिन में 5 लोग मिले। ट्रक को जब्त करने के बाद वेप्पादाई पुलिस स्टेशन ले जाने लगे।

इसी बीच उन्हें कंटेनर के अंदर से आवाजें सुनाई दीं। ट्रक रुकवाने पर उसमें 2 लोग, एक क्रेटा SUV और पैसों से भरा बैग मिला। एक शख्स ने कंटेनर चला रहे शख्स को पैसे लेकर भागने को कहा। दोनों ने पुलिस पर हमला किया।

पुलिस को उन्हें भागने से रोकने के लिए गोली चलानी पड़ी। ड्राइविंग कर रहे शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरे आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि बाकी 5 और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर:4 सुरक्षाकर्मी घायल, इनमें 3 सेना के जवान और एक ASP; ऑपरेशन जारी



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर. कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोपहर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। इलाके में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी। सेना के 3 जवान और कुलगाम के ASP घायल हुए हैं। चारों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है।

कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह 7:05 बजे X पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी। बताया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

कुलगाम मुठभेड़ में घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में ASP मुमताज अली भट्टी, सिपाही सोहन कुमार, सिपाही योगिंदर और मोहम्मद इसरान शामिल हैं।

पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के 6 सहयोगी गिरफ्तार

दूसरी तरफ, पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार कियाI ये युवाओं को आतंकवाद की ट्रेनिंग देते थे। इनके पास से 5 IED, 30 डेटोनेटर, IED की 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है।

युवाओं की मदद से हमलों को अंजाम देने की साजिश थी

पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित कश्मीरी आतंकी उन युवाओं की तलाश में हैं, जिनका ब्रेन वॉश किया जा सकता है। जांच में सामने आया कि आतंकी ने जेल में एक ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से कई युवाओं की पहचान की, जिन्हें अवंतीपोरा के त्राल क्षेत्र में आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर ने इन युवाओं की मदद से IED लगाने के लिए कुछ जगहों को सिलेक्ट भी कर लिया था। हैंडलर और IED बनाने के लिए उन युवाओं को पैसे भी दिए थे, जिससे वे इसके लिए सामान ला सकें।

एअर इंडिया फ्लाइट के खाने में कॉकरोच मिला:मां-बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई, पीड़ित बोली- एअर इंडिया में सफर करने में डर लग रहा



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के नाश्ते में एक कॉकरोच मिला। घटना 17 सितंबर की है। एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी। पैसेंजर महिला ने बताया कि उन्हें और उनके 2 साल एक बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई। अब वे एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर नहीं करेंगी। एअर इंडिया ने कहा कि वे मामले की जांच करेंगे। साथ ही खाना परोसने वाली एजेंसी से भी बात करेंगे। 1. फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए मां-बेटे सुयशा सावंत नाम की एक महिला अपने दो साल के बच्चे के साथ दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही थी। इस दौरान नाश्ते में ऑमलेट मिला। उन्होंने अपने बेटे के साथ नाश्ता किया। हम नाश्ता ही कर रहे थे कि मुझे कॉकरोच दिख गया। मैं घबरा गई। थोड़ी ही देर में पेट दर्द होने लगा। महिला ने बताया कि इसके बाद उन्हें और उनके बेटे को फूड पॉइजनिंग हो गई। एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर करने में डर लग रहा महिला ने बताया कि उनकी फैमिली ज्यादातर एअर इंडिया में ही सफर करते हैं। कई बार बहुत परेशानी झेली है, लेकिन अब कॉकरोच का मिलना कुछ ज्यादा ही बड़ी घटना है। अब हमें एअर इंडिया के साथ सफर करने में डर लग रहा है। इसी साल 16 जून को एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिली थी। इसके बाद एअर इंडिया ने माफी मांगी थी। दरअसल, मैथुरेस पॉल नाम का पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रहा था। जब उसे खाने में ब्लेड मिली तो उसने सोशल मीडिया पर दो फोटो शेयर कीं।

पॉल ने लिखा, 'एअर इंडिया का खाना चाकू की तरह काट सकता है। भुने हुए शकरकंद और अंजीर चाट में एक मेटल का टुकड़ा मिला, जो ब्लेड जैसा दिख रहा था। मुझे इसका एहसास कुछ सेकेंड तक खाना चबाने के बाद ही हुआ। शुक्र है, मुझे कोई नुकसान नहीं हुआ।

बेशक, इसका दोष पूरी तरह से एअर इंडिया की कैटरिंग सर्विस पर है। क्या होता अगर मेटल का टुकड़ा किसी बच्चे को परोसे गए खाने में होता? पहली फोटो में वह मेटल का टुकड़ा दिखाया गया है, जिसे मैंने थूक दिया और दूसरी तस्वीर में वह खाना दिखाया गया है, जो मुझे सर्व किया गया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने FIR दर्ज करने का आदेश दिया, चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का आरोप



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित जबरन वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ये आदेश बेंगलुरु की पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने दिया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु की अदालत में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी।

कई नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

आदर्श अय्यर ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉन्ड के जरिए धमकी देकर जबरन वसूली की गई। जन अधिकार संघर्ष परिषद ने पिछले साल अप्रैल में 42वें ACMM कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेताओं, बीजेपी के तत्कालीन कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। अदालत ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस थाने को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश बेंगलुरु की अदालत ने याचिकाकर्ता की शिकायत पर विचार करने के बाद बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बालन ने दलीलें रखीं। मामले की सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

क्या है चुनावी बॉन्ड

बता दें कि केंद्र सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की। इस योजना के तहत सरकार राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में नकद दान को खत्म करना था, ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बनी रहे। इसके बाद एसबीआई के चुनावी बॉन्ड के जरिए लोग राजनीतिक दलों को चंदा दे सकते हैं। लेकिन इसका खुलासा नहीं किया जाता। पिछले साल विपक्षी दलों के आरोपों और इसके खिलाफ तमाम याचिकाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था।

इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 1,547 रुपए बढ़कर 75,640 रुपए पर पहुंचा, चांदी 91,448 रुपए प्रति किलो बिक रही

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 सितंबर को सोना 74,093 रुपए पर था, जो अब (28 सितंबर) को 75,640 रुपए प्रति



10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,547 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 88,917 रुपए पर थी, जो अब 91,448 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 2,531 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।


संपादकीय : पहचान का सवाल

कुछ राजनेता सार्वजनिक बयान देते वक्त शायद ध्यान नहीं रख पाते कि किसी मसले पर उनकी सरकार और पार्टी का क्या रुख है । इसलिए अक्सर वे विवाद के घेरे में आ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के लोक कल्याण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का सड़क किनारे कारोबार करने वालों के लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता संबंधी बयान भी ऐसा ही था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हिमाचल में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सड़क पर कारोबार करने वालों के लिए दुकान के सामने अपना नाम और पहचान लिखना अनिवार्य किया जाएगा। इस बयान पर हिमाचल प्रदेश सरकार सतर्क हुई और उसने अपने मंत्री के बयान का खंडन करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है। इस बयान पर विक्रमादित्य सिंह को केंद्रीय नेताओं की नसीहत भी सुननी पड़ी। हालांकि उन्होंने अपने बयान के बारे में सफाई दे दी है, मगर इससे कांग्रेस को असहज होना पड़ा है। कांवड़ यात्रा के समय जब उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया था कि यात्रा मार्ग के सभी दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखना होगा, तब कांग्रेस ने उसका पुरजोर विरोध किया था। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को वह आदेश वापस लेना पड़ा था । विक्रमादित्य सिंह ने उस प्रकरण से कोई सबक लेना शायद जरूरी नहीं समझा। इसके अलावा उन्होंने वक्त की नजाकत भी नहीं समझी। उनका बयान ऐसे समय में आया, जब हिमाचल प्रदेश के शिमला और मंडी समेत कई जगहों पर मस्जिदों के लिए कथित रूप से अवैध रूप से जमीन कब्जा करने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसी संदर्भ में मांग उठी थी कि बाहर से आने वाले मजदूरों और सड़क किनारे कारोबार करने वालों का पंजीकरण होना चाहिए। इसे लेकर राज्य सरकार ने एक समिति भी गठित की है, जिसके सदस्य विक्रमादित्य सिंह भी हैं। निश्चय ही उनका उत्तर प्रदेश जैसा नियम लागू करने का विचार रहा होगा, जिसे उन्होंने सरकार और समिति के सामने रखने के बजाय सार्वजनिक मंच पर साझा कर दिया। यों भी एक परिपक्व नेता से अपेक्षा की जाती है कि जब तक वह किसी मसले पर अंतिम निर्णय न ले ले और सरकार उसे स्वीकार न कर ले, तब तक उस पर बयानबाजी से बचने का प्रयास करे । दरअसल, सड़क किनारे या बाजारों में दुकान 'चलाने वालों के पंजीकरण, पहचान प्रदर्शित करने आदि को लेकर कुछ संवैधानिक प्रावधान हैं। जीवन के अधिकार के तहत किसी भी व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से में अपने भरण-पोषण के लिए रोजगार करने का अधिकार है। इसके लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता नहीं है। इसलिए यह एक कानूनी मसला भी है। मगर कुछ राज्य सरकारें सुरक्षा कारणों से या फिर खानपान में स्वच्छता आदि के मद्देनजर कुछ प्रावधान करने पर विचार कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कावड़ियों के खानपान में शुद्धता रखने का ही तर्क दिया था। यह ठीक है कि कई मामलों में प्रवासियों को अपनी पहचान जाहिर करनी पड़ती है, जैसे वाहन चालकों को, पर ऐसे प्रावधान से अगर किसी के धार्मिक पहचान के आधार पर सामाजिक अलगाव झेलने पर मजबूर होने की आशंका हो, सावधानी से निर्णय की जरूरत होती है। अभी हिमाचल प्रदेश में जिस तरह का वातावरण है, उसमें ऐसे किसी भी आदेश से सड़क किनारे कारोबार करने वालों के सामने कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं।

खतरे में बचपन

राजधानी दिल्ली में एक नाबालिग किशोर के साथ हुई बर्बरता यही दर्शाती है कि कम उम्र के बच्चों के लिए खतरा और बढ़ता जा रहा है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रहने वाले चार लोगों ने बंदूक की नोक पर सत्रह वर्ष के एक बच्चे को न केवल बुरी तरह मारा- पीटा, घसीटा, जूते चाटने पर मजबूर किया, बल्कि उसे परेशान और अपमानित करने के लिए उसका यौन उत्पीड़न भी किया और इस सबका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किशोर से ऐसा बर्ताव करने वाले आरोपी किस कदर घृणा और विकृति से भरे हुए होंगे। आरोपियों के भीतर न केवल कानून का खौफ नहीं था, बल्कि वे इस बात को लेकर भी बेफिक्र थे कि जब कानून के हाथ उन तक पहुंचेंगे तब उन्हें क्या सजा मिल सकती है। सही है कि आपराधिक घटनाएं पहले भी होती रही हैं। मगर आपराधिक मानस वालों के और ज्यादा विकृत होते जाने की क्या वजहें हो सकती हैं और अपराधियों के निशाने पर अब कम उम्र के बच्चे ज्यादा क्यों आने लगे हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से अपराधों की बदलती प्रकृति और उसमें निशाने पर बच्चों का आना गंभीर चिंता की बात है। आए दिन ऐसी वारदात सामने आ रही हैं, जिसमें या तो किसी बच्चे की हत्या कर दी गई या फिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया गया। जो लोग पहले से ही अपराध की दुनिया में होते हैं, उनके लिए कमजोर होने के नाते बच्चे आसान शिकार होते हैं, वहीं आसपास बदलते माहौल, अपराध और अश्लील सामग्री तक बेलगाम पहुंच की वजह से कई बार सहज जीवन जीते कुछ लोग भी विकृति का शिकार होकर बच्चों को निशाना बनाते हैं। हाल ही में हाथरस में एक स्कूल के संचालक ने महज अपने स्कूल की तरक्की के लिए अंधविश्वास में आकर एक बच्चे की बलि देनी चाही और बच्चे के शोर मचा देने पर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। यानी चौतरफा बनती परिस्थितियों में बच्चों के जीवन के सामने खतरा बढ़ रहा है। अगर समय रहते नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहलकदमी नहीं हुई, तो भविष्य के समाज और उसमें बच्चों की स्थिति की बस कल्पना भर की जा सकती है।

9वीं की किताब में सिखा रहे - अलग भील राज्य बनाना चाहते थे गोविंद गुरु... सांसद रावत की आपत्ति पर सीएमओ से संशोधन का आदेश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। कक्षा 9वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में बांसवाड़ा के गोविंद गुरु को लेकर टिप्पणी पर सांसद मन्नालाल रावत ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री भजनलाल को शिकायत की। इसमें बताया कि किताब में बताया गया है कि गोविंद गुरु अलग भील राज्य बनाना चाहते थे। हकीकत में यह आरोप तत्कालीन समय में अंग्रेजों ने लगाया था। लेकिन बिना तथ्य और जांचे परखे ही माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसे किताब में शामिल कर लिया। सांसद रावत की आपत्ति के बाद सीएमओ ने राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल को परीक्षण कर तत्काल प्रभाव से गलत तथ्य को हटाने के आदेश दिए हैं। कक्षा 9 की पुस्तक राजस्थान का स्वतंत्रता आंदोलन एवं शौर्य परंपरा के अध्याय 4 में पृष्ठ संख्या 42 पर गोविंद गुरु को लेकर टिप्पणी की गई है इसमें लिखा है कि सामंती एवं औपनिवेशिक सत्ता द्वारा उत्पीड़क व्यवहार ने गोविंद गुरु एवं उनके शिष्यों को सामंती व औपनिवेशिक दासता से मुक्ति प्राप्त करने के लिए भील राज्य की स्थापना की योजना बनाने की ओर प्रेरित किया। विशेषज्ञों का कहना है कि यह टिप्पणी पूरी तरह से गलत है। क्योंकि, गोविंद गुरु भक्ति मार्ग के समर्थक थे और अपने शिष्यों और जनता को भक्ति भजन से प्रेरित कर सामाजिक बुराइयों को दूर करने, जनजागरण करने और अंग्रेजों की खिलाफत के लिए जाने जाते थे। सांसद रावत ने कहा कि इस विषय पर विशेषज्ञों के शोधपत्रों एवं तथ्यों को लेते हुए किताब में इस टिप्पणी को संशोधित किया जाना चाहिए।

भीलवाड़ा पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर:शहर के विभिन्न हिस्सों से चुराई 8 बाइक बरामद, पूछताछ में खुल सकती है कई वारदात



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों से चुराई गई आठ बाइक बरामद की। साथ ही मामले में एक चोर को भी गिरफ्तार किया है।

कोतवाल राजपाल सिंह ने बताया- चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू में रहने वाले मुकेश कुमार पिता राधेश्याम तेली ने 12 सितंबर को एक रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया- उसने अपनी बाइक दोपहर में अरिहंत हॉस्पिटल के बाहर खड़ी की थी और किसी काम से हॉस्पिटल में गया था। कुछ देर बाद जब वो बाहर आया तो उसकी बाइक वहां पर नहीं थी।

पुलिस ने इस रिपोर्ट पर एक टीम का गठन किया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे, टेक्निकल डेटा व परंपरागत पुलिसिंग की मदद से पुलिस ने फूलचंद पिता सोहनलाल धाकड़ (23) निवासी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बाइक चोर के पास से चोरी की 8 बाइक बरामद की है, जो भीलवाड़ा शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चुराई थी। बाइक चोर से पूछताछ की जा रही है। मामले में कुछ और वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

ये रहे टीम में शामिल

एएसआई कन्हैया लाल, हेड कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, कॉन्स्टेबल समय सिंह, संजय, प्रकाश, विनोद कुमार टीम में शामिल रहे।

खाटूश्याम कीर्तन तुलसीदास सराय में होगा इंदौर के शिवम रावल के भजनों की प्रस्तुती कल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर, श्री श्याम से व ा ट्रस्ट के तत्वावधान मे आज रविवार 29 सितम्बर को सायंकाल 4:30 बजे से तुलसीदास जी की सराय, डबोक एयरपोर्ट रोड मे बन रहे श्याम मन्दिर प्रांगण मे श्री श्याम कीर्तन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि भारत के सुप्रसिद्ध भजन गायक इन्दोर के शिवम रावल तथा केमिता राठौड अपनी मधुर आवाज से भक्तो को भावविभोर करेंगें। दरबार श्रृंगार जयपुर के साँवरिया डेकोरेटर, संगतकार नीमच से उमेश म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया है। लगभग 11 स्थानीय भजन गायक श्री अनिल आनन्द शर्मा, जमनाशंकर, योगेश सैनी, सुनन्दा चौबीसा, रजनीश मानसी शर्मा,अंजली चिराग आचार्य,सरमेश राठौड, लता सोनी, एंव भावना शर्मा आदि भी अपनी हाजिरी लगायेंगे। भक्तो को असुविधा ना हो अतः कीर्तन जल्दी प्रारंभ कर आरती पश्चात सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

कुशलेश चौधरी को मिली पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 28 सितम्बर / जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय ने समाज कार्य संकाय में कुशलेश चौधरी को पंजायती राज व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी तथा नवीन प्रवृत्तियों का एक अध्ययनः दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र के युवाओं के विशेष संदर्भ में शोध कार्य करने पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. चौधरी ने अपना शोध कार्य डॉ. सुनील चौधरी के निर्देशन में किया।

बंदर को निगल गया 10 फीट लंबा अजगर

वनकर्मियों ने मुंह से निकाला, सुरक्षित जंगल में छोड़ा



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के सागवाड़ा क्षेत्र के रामपुर से झाखरी रोड पर एक 10 फीट लंबा अजगर बंदर को निगल गया। इसके बाद अजगर झाड़ियों में छिपा रहा। लोगों ने बंदर को निगलते देख वनकर्मियों को बताया। वनकर्मी ने पहले अजगर का रेस्क्यू किया। फिर अजगर ने मरे हुए बंदर को वापस उगल दिया। सागवाड़ा वन क्षेत्र में झांखरी से रामपुर रोड पर एक पुलिया के पास लोगों ने एक लंबे अजगर को देखा। झाड़ियों और पानी के पास अजगर एक बंदर को निगल रहा था। अजगर के मुंह में बंदर फंसा था। ये देखकर लोग चौंक गए। इसके बाद लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों ने अजगर के मुंह से बंदर को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन अजगर पानी में उतर गया। देखते ही देखते अजगर पूरे बंदर को निगल गया। सूचना पर पाड़वा से वनकर्मी शैलेश सिंह राव, पर्यावरण प्रेमी प्रणम्य सोनी, समर सोनी, उपसरपंच अजीत सिंह राव, नारायण सिंह, कुलदीप सिंह, संजय सिंह मौके पर पहुंचे। वनकर्मियों ने पानी से अजगर का रेस्क्यू किया। पुलिया के ऊपर अजगर को रखते ही अजगर ने मुंह से मरे हुए बंदर को उगल दिया। इसके बाद अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

राजस्थान में 23,820 पदों पर निकली भर्ती:8वीं पास उम्मीदवार 6 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान के लाखों युवाओं का इंतजार खत्म हो गया है। प्रदेश सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकली है। स्वायत्त शासन विभाग ने इसका नोटिफिकेशन 27 सितंबर की देर रात जारी किया है। राजस्थान के मूल निवासी 7 अक्टूबर से 6 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उम्मीदवारों का सिलेक्शन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा, जिसमें तीन गुना ज्यादा अभ्यर्थियों को सिलेक्ट किया जाएगा।

इसके बाद 2 महीने सफाई करके दिखाना होगा। इसका सरकार की ओर से नियमानुसार भुगतान भी किया जाएगा। इस प्रक्रिया में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें 2 साल प्रोबेशन पीरियड पर रखा जाएगा। इसके बाद उन्हें स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।

सीईटी एग्जाम में जयपुर परीक्षा केंद्र पर उतारा बांसवाड़ा के परीक्षार्थी का जनेऊ, विप्रजनों में आक्रोष



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। सीईटी स्नातक स्तरीय परीक्षा में जयपुर में एक परीक्षा केंद्र परएक ब्राह्मण अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र के बाहर जनेऊ उतार दिया गया। यह अभ्यर्थी बांसवाड़ा में तलवाड़ा कस्बे का निवासी हैं। अभ्यर्थी हरेन दवे ने मीडिया को बताया कि सीईटी भर्ती परीक्षा की दूसरी पारी में परीक्षा दी जिसका परीक्षा केंद्र जयपुर में महात्मा गांधी सीनियर सेकंडरी स्कूल रामपुरा था। वहां जब एग्जाम सेंटर पर प्रवेश करने गया तो वहां पर उपस्थित पुलिसकर्मी ने उसकी सघन जांच की। उसने जनेऊ देखा तो बोला कि इसे उतारो। इस पर उसने कड़ा विरोध किया तो वो प्रिंसिपल के पास ले गए। इस पर प्रिंसिपल से कहा कि नियम बताओ आखिर कहां पर धार्मिक पहचान वाला जनेऊ उतारने की बात लिखी है। इस पर प्रिंसिपल भड़क उठी और कहा कि आप माहौल बिगाड़ने के लिए आए हो। आप को जनेऊ उतारना ही होगा। इसके बाद अभ्यर्थी ने जनेऊ उतारकर परीक्षा दी। इस परीक्षा के खत्म होने के बाद वापस जनेऊ को लिया। इसघटना क्रम के बाद विप्र फाउंडेशन को जब उसने पूरा मामला लिखित में भेजा तो हंगामा हो गया। विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया कि जल्द से जल्द जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। भविष्य में दोबारा ऐसी घटना नहीं हो इसके लिए दिशा निर्देश जारी किया जाए अन्यथा विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा मुख्यमंत्री निवास के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को विवश होगा।

CET एग्जाम देने जा रही ननद-भाभी को टैंकर ने कुचला:बाइक को 200 मीटर घसीटा; भाई और 9 महीने की भतीजी का पैर फ्रैक्चर



24 न्यूज अपडेट

अलवर. अलवर में तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और 200 मीटर घसीटते हुए ले गया। हादसे में ननद और भाभी की मौत हो गई, जबकि भाई और 9 महीने की भतीजी घायल हो गए। दोनों के पैर में फ्रैक्चर है। हादसे में मरने वाली भाभी और ननद का 2 घंटे बाद CET का पेपर था। मामला शिवाजी पार्क थाना इलाके में दशहरा मैदान के पास बहरोड़ रोड का है। टैंकर ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया- शैलेंद्र (27) निवासी टेहडपुर (अलवर) की पत्नी वीरवती (26), बहन सरस्वती (23) का समान पात्रता परीक्षा (CET) का पेपर था। तीनों बाइक से एग्जाम सेंटर के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान शैलेंद्र की 9 महीने की बेटी वंशिका भी उनके साथ थी

दोपहर करीब 1 बजे अलवर शहर में दशहरा मैदान के पास तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टैंकर बाइक के साथ चारों को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। शैलेंद्र की पत्नी वीरवती और बहन सरस्वती की मौके पर मौत हो गई, जबकि शैलेंद्र और वंशिका का पैर फ्रैक्चर हो गया। दोनों का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर आए और टैंकर ड्राइवर को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि घटना के करीब 30 मिनट बाद में पुलिस की टीम पहुंची।

मंत्री दिलावर बोले-गांधी वाटिका में पूर्व सीएम ने भ्रष्टाचार किया:घटिया पत्थर लगाया, जिन विदेशियों ने देश पर राज किया, उनका महिमामंडन किया



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि दुख है की महात्मा गांधी जैसे सच्चे आदमी, जो ईमानदारी की मिसाल थे। उनके नाम पर भी कांग्रेस भ्रष्टाचार कर गई।

कोटा स्टोन की जन्मस्थली रामगंज मंडी है, मैं वहां से चुनकर आता हूं। जहां पर सबसे ज्यादा कोटा स्टोन है, लेकिन यहां पर सबसे बेकार पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। यह वाटिका बनाने में भी अपने आप को राजस्थान का गांधी कहने वाले पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार का खेल खेला।

जयपुर में शनिवार को गांधी वाटिका का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री दिलावर ने कहा- गांधी वाटिका में भगवान राम के बारे में कोई चर्चा नहीं है। यहां महाराणा प्रताप के बारे में कोई चर्चा नहीं है। नाम ठीक है, लेकिन जिस तरीके से गांधी के नाम का इस्तेमाल किया, वैसा इस वाटिका में कुछ नहीं है। कांग्रेस के लोग गांधी की संतान नहीं हैं। चाहे सोनिया गांधी हो राहुल गांधी हो, सबने उनके नाम का उपयोग करके देश को भ्रमित करने का प्रयास किया है। कांग्रेसी खुद को लोकतंत्र का प्रहरी बताते हैं। लेकिन 1975 में आपातकाल लगाकर भारत के संविधान को निलंबित कर दिया था। उस समय कहा था- अब वही होगा, जो इंदिरा कहेगी। देश की जनता ने उन्हें चुनाव में आईना दिखा दिया था। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए दिलावर ने कहा कि कांग्रेस के प्रतिपक्ष के नेता दुर्भाग्यवश एक विदेशी महिला के पेट से जन्मे हुए बालक हैं। इनको भारत से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए वह कहते हैं कि भारत वासी मंदिर लड़कियां छेड़ने जाते हैं। वह कहते हैं कि भगवान राम का कोई लेना-देना नहीं है। वैसे भी उनका भारत से क्या लगाव है। कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा- कांग्रेस, जिसकी स्थापना विदेशियों ने की थी। विदेशियों की श्रद्धा हमेशा कांग्रेस में कूट-कूट कर रही है। मैंने आज फोटो देखी है, उन विदेशियों की, जिन्होंने हमारे ऊपर राज किया। गांधी वाटिका में उनका महिमामंडन किया जा रहा है।

राहुल बोले- राममंदिर में नाच-गाना चल रहा:अयोध्या के मुख्य पुजारी बोले- जाकी रही भावना जैसी, भाजपा ने भी पलटवार किया

24 न्यूज अपडेट

अयोध्या. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के राम मंदिर पर दिए बयान पर अयोध्या के साधु-संतों ने नाराजी जताई है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास और हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कहा-जाकी रही भावना जैसी...। कांग्रेस सरकार शुरू से कह रही है कि राम का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में उनके नेता तो ऐसा बोलेंगे ही। भाजपा ने भी राहुल के बयान पर कहा कि आपकी 3 पीढ़ियां बाबर की कब्र पर जाकर सजदा कर चुकी हैं। यह आपकी फितरत है। राहुल गांधी ने 26 सितंबर को हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ये बयान दिया था।

राहुल का बयान

राहुल ने चुनावी सभा में कहा कि 'अयोध्या में मंदिर खोला, वहां अडानी दिखे, अंबानी दिखे, पूरा बॉलीवुड दिख गया। लेकिन, एक भी गरीब किसान नहीं दिखा। सच है...इसलिए तो अवधेश ने इनको पटका है। अवधेश वहां के एमपी हैं। इसलिए तो वो जीता है। सबने देखा, आपने राम मंदिर खोला, सबसे पहले आपने राष्ट्रपति से कहा कि आप आदिवासी हो। आप अंदर आ ही नहीं सकती, अलाउ नहीं है। आपने किसी मजदूर, किसान, आदिवासी को देखा, कोई नहीं था वहां। डांस-गाना चल रहा है। प्रेस वाले हाय-हाय कर रहे हैं, सब देख रहे हैं।'

राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास- कांग्रेस सरकार शुरू से कह रही है कि राम का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में उनके नेता तो ऐसा बोलेंगे ही। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। प्राण प्रतिष्ठा को राहुल अगर नौटंकी बता रहे हैं, तो उनकी ऐसी भावना रही होगी। उनकी नजर में यह नौटंकी है, लेकिन भक्तों की नजर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसमें भगवान श्रीराम की बालक रूप में स्थापना हुई है।



हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास- राहुल गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। हम निंदा करते हैं। मांग करते हैं, उन हिंदू संगठन और सेक्युलर लोगों से कि वो राहुल गांधी के लिए प्रार्थना करें। उनकी बुद्धि खराब हो गई है। उन्हें यही नहीं पता है कि 500 साल के संघर्ष के बाद लाखों हिंदू जनमानस ने त्याग किया। उसके बाद यह पल आया।

अंधा और संवेदनहीन सिस्टम : संविदाकर्मी को 5 महीने से नहीं मिल रहा था 5600 रूपया वेतन, मौत को गले लगाया तो सरकार ने की 11 लाख के मुआवजे, पत्नी को संविदा नौकरी व सभी संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं कि जिनको देख कर पूरे सिस्टम से ही घिन्न होने लगती है। सरकारें अपने अहम के लिए किसी भी हद तक चली जाती है और उसका शिकार बनता है निचले स्तर पर काम करने वाला अदना सा कर्मचारी। सरकार के लिए 56 सौं रूपया महीना पगार तक देना मुश्किल हो जाता है जबकि कई सरकारी अफसरें के घरों में रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़े जाने के बाद करोड़ो रूपया मिलता है। मौत के बाद अपनी लाज बचाने के लिए आनन फानन में मदद की घोषणा कर दी जाती है। सच कहते हैं कई लोग कि यहां गरीब की मौत पर कोई आंसू बहाने वाला नहीं है। हां, अपनी राजनीति चमकाने उसकी कीमत जरूर लगा दी जाती है। ताजा मामला जयपुर का है। हाईकोर्ट की जयपुर बेंच के जीए ऑफिस के अपील सेक्शन संविदाकर्मी ने शुक्रवार सुबह ऑफिस में ही फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। मरने वाला मनीष सैनी 19 साल से हाईकोर्ट में संविदा पर काम कर रहा था। उसका मानदेय केवल 5600 रुपए था। ये पैसा भी उसको 5 महीने से नहीं मिल रहा था। संविदाकर्मी की मौत के 12 घंटे बाद हंगामा होने पर अपनी लाज बचाने के लिए राज्य सरकार ने संविदाकर्मियों का मानदेय 17 हजार रुपए तक बढ़ा दिया है। दौसा के रहने वाले मनीष (40) के चाचा राजेंद्र सैनी ने मीडिया से कहा कि शुक्रवार सुबह 8.45 बजे हाईकोर्ट से साथी संविदाकर्मियों ने मनीष के सुसाइड करने की जानकारी दी। सुसाइड नोट में मनीष ने लिखा कि 'मुझे वीरगति प्राप्त हो, राज्य सरकार ने मेरा तो भला नहीं किया, लेकिन मेरे भाइयों का भला हो।'



मनीष की मौत के 12 घंटे बाद ही राज्य सरकार की मर चुकी आत्मा अचानक जाग उठी। राज्य सरकार ने संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ा दिया। अब 6900 की जगह 17 हजार, 5600 की जगह 14 हजार और 4400 की जगह 11 हजार रुपए तक मानदेय मिलेगा। मनीष पिछले 18 साल से हाईकोर्ट में संविदा पर कार्यरत था और उसे हर महीने 5600 रुपए मानदेय मिल रहा था। पांच महीने से यह पैसा भी नहीं मिल रहा था। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। परिवार के लोगों का कहना है कि उन्होंने बताया कि मनीष घर से रोजाना हाईकोर्ट आने के लिए अप-डाउन करता था। मनीष की चार साल की बेटी व एक छोटा बेटा है। राज्य सरकार ने उसके परिजनों को 11 लाख रुपए मुआवजा व पत्नी को बांदीकुई में संविदा पर नौकरी देने के लिए कहा है। वहीं, एजी ऑफिस से भी परिजनों को एक लाख रुपए मुआवजा देने का निर्णय लिया।राज्य सरकार से मनीष के परिजनों की मांगों पर सहमति बनने के बाद मनीष के शव को हाईकोर्ट से एसएमएस हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया। हाईकोर्ट की जयपुर बेंच में ही 60 से ज्यादा लोग 2005 से ही संविदा पर हैं। इनमें से 22 लोग स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर 2013 में हाईकोर्ट गए थे। डबल बेंच ने 13 जनवरी 2022 को उनके पक्ष में फैसला देते हुए स्थायी नियुक्ति के आदेश जारी किए थे लेकिन जैसा कि कई मामलों में होता है, गहलोत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगा दी। इसके बाद करीब ढाई साल से सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित ही है। अब सामने आ रहा है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में दायर राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका को भी वापस ले सकती है।

बांसवाड़ा में 10 साल पहले हुई थी अंजुमन सदर की हत्या, 5 आरोपी बरी, अपने ही बयान दोहरा नहीं पाए गवाह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। 10 साल पहले बांसवाड़ा में अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर अबू लाला की हत्या हुई थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए सेशन कोर्ट ने 7 में से 5 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। पुलिस की जांच में भी लापरवाही सामने आई। इस मामले में कोर्ट में 24 गवाह पेश किए गए। इसमें से सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर किसी ने भी पूरे बयान नहीं दिए। कुछ के बयान ही बदल गए। कोर्ट ने सिराज अहमद सहित 5 आरोपियों को बरी कर दिया। विजय पंवार (35) पुत्र गोपाल निवासी बसाड़ जिला प्रतापगढ़ को फरार घोषित किय, रियाज खान (66) पुत्र मीर मोहम्मद निवासी डूंगरी मोहल्ला परतापुर की मृत्यु पहले ही हो गई है। आपको बता दें कि इस बहुचर्चित मामले में अबू लाल के भांजे मोइनुद्दीन ने 19 मई 2014 को रात 9:30 बजे रिपोर्ट दर्ज करवाई व पुलिस को बताया कि - अबू लाला, सईदुल्लाह खान, नईम खान व अन्य पप्पू पान वाले की दुकान के बाहर बैठे थे। मौलाना उर्फ अयूब अली फोन पर बात कर रहा था। फोन पर उसने कहा कि अबू लाला अकेला बैठा है। जल्दी आ जाओ। इसके करीब 5 मिनट बाद एक बाइक पर सिराज अहमद व पीछे खान बहादुर बैठा हुआ था, आकर रूकी। खान बहादुर के पास 12 बोर की बंदूक थी। उसने अबू लाला के पेट पर फायर किए। अबू लाला ने उदयपुर में दम तोड़ दिया। अबू लाला की मौत के बाद शहर में कर्फ्यू जैसे हालात हो गए। पुलिस ने 24 लोगों को गवाह बनाया। अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कुवालिया ने मीडिया से कहा कि - होली चौक पृथ्वीगंज निवासी सिराज अहमद पुत्र रियाज अहमद, खान बहादुर पुत्र मीर मोहम्मद निवासी डूंगरी मोहल्ला परतापुर, इरशाद खान पुत्र नाहर खान डूंगरी पाड़ा परतापुर, अयूब खान पुत्र सलीम खान चनिया खेड़ी प्रतापगढ़, अमजद खान पुत्र अफजल खान, साकरिया रठांजना जिला प्रतापगढ़ प्रतापगढ़ को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शी और अबू लाला को उस समय अस्पताल ले जाने वाले गवाह घटना को पूरी तरह दोहरा नहीं पाए। बयान में विरोधाभास आ गया। बचाव पक्ष ने जिरह की तो वे जवाब तक नहीं दिया। अनुसंधान में पता चला कि बाइक चालक अयूब था जबकि फायर अमजद ने किया था। जबकि रिपोर्ट में बाइक चालक सिराज था और फायर करने वाला खान बहादुर था। सेशन कोर्ट के न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल ने यह फैसला सुनाया है।

युवकों से मारपीट के 6 आरोपियों की हुई सरेराह परेड, लंगड़ाते हुए 'पगबाधा' हो गए आरोपी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. राजसमंद। राजनगर में दो दिन पहले दो युवकों की पिटाई के मामले में शनिवार को पुलिस की ओर से सभी छह आरोपियों की परेड करवाई गई। सरेराह परेड में ये लोग लंगड़ाते हुए दिखाइर्र दिए। याने यहां भी पुलिस की एलबीडब्ल्यू या पगबाधा वाली थ्योरी काम कर गई। आपको बता दें कि राजसमंद में राजनगर थाना सर्कल में राहुल और कृष्णा की पिटाई के बाद तनाव व्याप्त हो गया था। शुक्रवार को राजनगर थाने के सामने हनुमान चालीसा पढी गई। पुलिस ने आज 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कुल 6 आरोपियों की मार्केट में परेड निकाली गई तो लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। गुरुवार रात्रि को 4 युवकों ने इन युवकों को पीट दिया था। राजनगर क्षेत्र में तनाव हो गया था व आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित पुलिस के आलाधिकारियों व एडीएम नरेश बुनकर ने बातचीत की व भरोसा दियाया। शनिवार दोपहर 6 आरोपियों की मार्केट में परेड निकाली तो लोग नारे लगाने लगे। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि राजनगर में दो युवकों के साथ जानलेवा हमला कर माहौल बिगाड़ने वाले बदमाशों यादव मोहल्ले के दो युवकों के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमला कर फरार हो गये थे। जिसके बाद युवकों की ओर से नामजद रिपोर्ट दी गई। तीन बदमाश कालू उर्फ इकरार सिलावट (23) पुत्र खलील मोहम्मद, बिलाल उर्फ ढेंबरी (21) पुत्र हिसाम खॉ, आसिफ अली उर्फ फैजान निवासी राजनगर को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। एसपी ने अपील की कि सोशल मीडिया की भ्रामक खबरों पर विश्वास नही करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर झूठी खबर पोस्ट की जायेगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। किसी भी तरह की छोटी बड़ी घटना की सूचना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत दें।

डूंगरपुर जिले के 121 वरिष्ठ नागरिक हवाई जहाज से और 606 यात्री ट्रेन से करेंगे तीर्थ यात्रा देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति ने लॉटरी निकाली



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 28 सितम्बर। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के तहत पंजीकृत आवेदकों की फाइनल लॉटरी शनिवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी की मौजूदगी में निकाली गई। एनआईसी कार्यालय में डीओआईटी के कंप्यूटराइज्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से लॉटरी निकाली गई। देवस्थान विभाग, ऋषभदेव के निरीक्षक शिवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि हवाई यात्रा के लिए कुल 2178 एवं रेल यात्रा के लिए 2177 आवेदन प्राप्त हुए। निर्धारित कोटा अनुसार 121 हवाई यात्रा व 606 यात्री रेल यात्रा की मुख्य सूची के लिए चयनित हुए। इसके बाद प्रतीक्षा, अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई है, जिसे देवस्थान विभाग के पोर्टल पर जाकर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक ही आवेदन में पति-पत्नी सहायक भी हो सकते हैं। उपलब्ध कोटे के अलावा प्रतीक्षा सूची भी निकाली गई है। चयनित आवेदकों के यात्रा में शामिल नहीं होने पर प्रतीक्षा सूची में शामिल यात्रियों को अवसर दिया जाएगा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विशेष योग्यजन ध्यान दें, निःशुल्क स्कूटी वितरण के आवेदन 30 नवम्बर तक मांगे, 2000 स्कूटियां का होगा वितरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बजट वर्ष 2024-25 में राजस्थान सरकार की ओर से दिव्यांगजन के लिए मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना 2024 की घोषणा की गई है। योजना में प्रदेश में 2000 विशेष योग्यजनों को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना 2024 के तहत पात्र विशेष योग्यजन 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन अपनी एस.एस.ओ. आई.डी. पर उपलब्ध एसजेएमएस डीएसएपी के माध्यम से कर सकते हैं। योजना के तहत आवेदन करने के लिए अध्ययनरत प्रमाण पत्र या रोजगार में लगे होने का प्रमाण पत्र, दिव्यांगता दर्शाते हुए फोटो, आधार, जन आधार, मूल निवास, आय प्रमाण पत्र, पेंशन पीपीओ, जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा-10 की अंक तालिका, गत 8 वर्षों में आवेदक द्वारा भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजनान्तर्गत मोटराईज्ड ट्राई साईकिल स्कूटी वाहन प्राप्त नहीं किए जाने का शपथ पत्र व ड्राइविंग लाइसेंस के दस्तावेज देने होंगे। आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। विशेष योग्यजन निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट www.dsap.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

रेलवे ने कुछ ट्रेनों में अस्थाई रूप से बढ़ाए 10 डिब्बे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। आने वाले दिनों में त्यौहार के सीजन को देखते हुए यात्री भार बढ़ने की संभावना है। इसी को देखते हुए 6 जोड़ी ट्रेनों में 10 डिब्बे बढ़ाने का निर्णय उपरे की ओर से किया गया है। इन सभी डिब्बों को अस्थायी रूप से बढ़ाया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 20473/20474, दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर और उदयपुर सिटी से 2 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 1 सेकेंड एसी, 1 द्वितीय शयनयान और 1 थर्ड एसी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। यह ट्रेन चित्तौड़गढ़, कपासन स्टेशनों से होकर जाती है। इसके अलावा जिन रेलगाड़ियो में डिब्बे बढ़ाए गए हैं उनमें- गाडी संख्या 12991/12992, उदयपुर-जयपुर-उदयपुर रेलसेवा में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 03 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। यह ट्रेन भी कपासन और चित्तौड़गढ़ होकर जाती है। गाडी संख्या 19608/19607, मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 7 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक और कोलकाता से 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 01 सेकंड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है। यह ट्रेन चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया स्टेशन से होकर गुजरती है। गाडी संख्या 19666/19665, उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक और खजुराहो से 3 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 1 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। यह ट्रेन चित्तौड़गढ़ जंक्शन होकर गुजरती है। गाडी संख्या 09721/09722, जयपुर-उदयपुर-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक और उदयपुर से 2 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 1 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। यह ट्रेन चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया और कपासन स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाडी संख्या 19703/19704, उदयपुर-असारवा-उदयपुर रेलसेवा में उदयपुर से 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक और असारवा से 2 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 1 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

जे.के. सीमेंट की 50 वीं सालगिरह पर हुआ निःशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक संस्थान जेके सीमेंट लिमिटेड के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी), निम्बाहेड़ा में विशाल निःशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जेके सीमेंट निम्बाहेड़ा एवं मांगरोल के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के द्वारा कंपनी के दिवंगत सीएमडी यधुपति सिंघानिया के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर का पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री एवं जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट ने भी अवलोकन कर स्वास्थ्य परीक्षण करवाने पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से जानकारी ली।

इससे पूर्व शिविर में पहुंचने पर पूर्व मंत्री एवं विधायक कृपलानी एवं अतिथियों सहित उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, विकास अधिकारी विशाल सिपा, कोतवाली पुलिस थाना अधिकारी रामसुमेर मीणा का यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अगुवाई कर स्वागत किया, तत्पश्चात सभी आगंतुक अतिथियों ने कंपनी के दिवंगत सीएमडी यधुपति सिंघानिया को पुष्पांजलि अर्पित की। यूनिट हेड तोषनीवाल ने बताया कि कंपनी के द्वारा आयोजित शिविर में मल्टी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा गायनोकॉलोजी, ऑर्थापेडिक्स, जनरल मेडिसिन, कार्डियोलॉजी और ईएनटी रोगों के करीब 350 से अधिक रोगियों ने उपचार लाभ लिया। जेके सीमेंट के एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि 29 सितंबर, रविवार को कंपनी के दिवंगत सीएमडी यधुपति सिंघनियक 72 वें जन्मदिन के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेके प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) पर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों के कालापानी, मोतियाबिंद, नासूर, नाखूना आदि रोगों का परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर जेके सीमेंट लिमिटेड के माइंस हेड यतीन्द्र शर्मा सहित कंपनी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं आमजन मौजूद रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।